तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 15 जुलाई 2025

10 शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना


10 जींदः समाधान शिविर में आठ फरियादी पहुंचे


## खबर संक्षेप

### दादा खेड़ा का दानपात्र तोड़ चुराए तीस हजार

**जींद।** गांव मैंगलपुर दादा खेड़ा के दानपात्र का बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर तीस हजार रुपये की राशि को चोरी करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मैंगलपुर निवासी राममेहर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव दादाखेड़ा में दानपात्र रखा गया है।

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोपी दबोचा

**कैथल।** कैथल क्षेत्र में एक व्यक्ति को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के मामले की जांच थाना सिविल लाईन पुलिस के एएसआई अमरजीत सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी चंदाना गेट कैथल निवासी विजय सैनी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अमरगढ़ गामड़ी कैथल निवासी जिले सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### खेत से बिजली मोटर व अन्य सामान चोरी

**जींद।** बराहखुर्द खेतों से बिजली मोटर तथा अन्य सामान गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। बराहखुर्द निवासी सुभाष ने पुलिस को दी शिकासत में बताया कि बीती रात चोरों ने खेत से बिजली मोटर तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव मुंदड़ी में रास्ता रोककर की मारपीट

**कैथल।** थाना पुंडरी पुलिस ने गांव मुंदड़ी में एक व्यक्ति का रास्ता रोककर मारपीट करने के आरोप में तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव मुदरी के अश्वनी ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 जुलाई को जब वह गांव से जा रहा था तो गांव के ही आंसू, सुनील और अनिल ने मिलकर उसका रास्ता रोकते उसके साथ मारपीट की।

### फर्जी बिल क्लेम करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** फर्जी बिल प्रस्तुत कर 45 हजार 485 रुपये हडपने के आरोपित सिंचाई विभाग के सेवानिवृत उपअधीक्षक को शहर थाना नरवाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सिंचाई विभाग के एक्सईएन सौरभ सिंह ने गत 16 जून को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि सिंचाई विभाग में गांव ढाकल निवासी कर्मबीर उप अधीक्षक के पद पर कार्यरत था।

### दहेज प्रताड़ना के आरोप में पति नामजद

**कैथल।** थाना शहर कैथल पुलिस द्वारा दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में उसके पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चंदना गेट कैथल की विवाहिता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी शादी कुछ समय पूरा लक्ष्मण चबूतरा हांसी के हरीश के साथ रिती रिवाज अनुसार हुई थी।

### आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

जींद। गढ़ी थाना पुलिस ने गांव पीपलथा में महिला को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपित पति को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मैंगलपुर निवासी सत्यवान ने गत 28 मई को पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी।

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक कल

कैथल। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटान के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम पंचकूला की अध्यक्षता में 16 जुलाई को यूएचबीवीएन कार्यालय कैथल में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की सख्ती, बगैर लाइसेंस घेवर-फिरनी बेचने पर होगी कार्रवाई

## घेवर, घी, रबड़ी-मावा सहित सात खाद्य पदार्थों के सैंपल लैब भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


सावन महीने की शुरुआत के साथ ही बाजारों में घेवर, फिरनी, रबड़ी व अन्य पारंपरिक मिठाइयों की मांग बढ़ गई है। इसी को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को कैथल शहर में बिना लाइसेंस मिठाइयों की बिक्री कर रहे स्टॉलों व दुकानदारों पर शिकंजा कसा। टीम का नेतृत्व जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. पवन चहल ने किया। कार्रवाई के दौरान विभाग ने घेवर, घी, रबड़ी, मावा समेत कुल 7 खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे हैं। कार्रवाई के दौरान विभाग ने ऐसे कई अस्थाई स्टॉल हटवाए जो बिना किसी लाइसेंस के घेवर, फिरनी, रबड़ी जैसी मिठाइयां बना और बेच रहे थे। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मौके पर मौजूद विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार न करें और अवैध गतिविधियों को तुरंत बंद करें, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डॉ. पवन चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मौसम में बाजार में खासतौर पर घेवर व रबड़ी जैसी मिठाइयों की मांग अधिक रहती है, लेकिन कई दुकानदार बिना किसी गुणवत्ता जांच व स्वच्छता मानकों का पालन किए मिलावटी या रंगीन मिठाइयां बेचते हैं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि कई दुकानों पर /"केसर घेवर/" के नाम पर सिर्फ खाद्य रंग मिलाकर पीला घेवर बनाया जा रहा था, जबकि उसमें असली केसर का उपयोग नहीं किया गया था। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे केवल पंजीकृत, विश्वसनीय और लाइसेंसधारी दुकानदारों से ही मिठाइयां खरीदें। विशेष रूप से रंगीन या अधिक आकर्षक दिखने वाली सीजनल मिठाइयों से परहेज करें क्योंकि इनमें इस्तेमाल होने वाले केमिकल व कृत्रिम रंग स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदायक हो सकते हैं।

**सख्त कार्रवाई की जाएगी**

खाद्य सुरक्षा विभाग आने वाले दिनों में भी इस तरह की जांच अभियान जारी रखेगा ताकि आमजन को मिलावटी और नकली मिठाइयों से बचाया जा सके। विभाग द्वारा लिए गए सैंपलों की रिपोर्ट आने के बाद यदि कोई खाद्य सामग्री मानकों पर खरा नहीं उतरती, तो संबंधित दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



कैथल। डॉ. पवन चहल टीम के साथ मिठाई की एक दुकान से सैंपल लेते।



उचाना। आढ़ती की दुकान में दरवाजे में लगी गोली से हुआ छेद।

# आढ़ती की दुकान पर फायरिंग, मचा हड़कंप

## तीन के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना अनाज मंडी में आढ़ती की दुकान पर फायरिंग करने से हडकंप मच गया। घटना की सूचना मिलने पर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। रविवार देर रात पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में यह फायरिंग की गई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच मे जुट गई है। एक हफ्ते पहले विवाद को लेकर पंचायत पर की गई थी।

जानकारी के अनुसार सुलेन्द्र छात्तर की दुकान पर उनके ही रिश्तेदार जगबीर छात्तर और उसके साथियों ने फायरिंग की। सुलेन्द्र ने बताया कि देर रात एक बीएमडब्ल्यू कार में जगबीर छात्तर, उसका जीजा प्रवीन और एक अज्ञात व्यक्ति आए। तीनों ने नशे की हालत में खाना खाया और फिर बहस शुरू कर दी। इसी दौरान जगबीर के इशारे पर उनके साथी ने गोली चला दी। गोली दुकान के अंदर के गेट से होकर पीछे की दीवार में जा लगी। एक सप्ताह पहले आपसी विवाद को लेकर पंचायत हुई थी। जिसमें सुलेन्द्र और उनके चाचा राजकुमार के बीच कहासुनी हो गई थी। 13 जुलाई की सुबह राजकुमार पंचायत लेकर सुलेन्द्र के घर आया था। इसी रात को राजकुमार के बेटे जगबीर और उसके साथियों ने यह फायरिंग की। उचाना थाना पुलिस ने सैलेंद्र की शिकायत पर जगबीर, प्रवीण तथा एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**जांच जारी**

जांच अधिकारी भूपेन्द्र ने बताया कि उन्हें देर रात गोली चलने की सूचना मिली। आपसी रंजिश में की गई इस फायरिंग का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

## आपा खोए युवक को देख स्टाफ तथा मरीज भागे एमरजेंसी से बाहर

# नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया युवक भड़का, एमरजेंसी में की तोड़फोड़

## आधा दर्जन पुलिसकर्मियों की युवक को काबू करने की कोशिश नाकाम

बाइक सवार दो व्यक्ति मानवता के नाते अस्पताल के एमरजेंसी में लेकर पहुंचे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नागरिक अस्पताल की इमरजेंसी में सोमवार दोपहर को उस समय हडकंप मच गया, जब इलाज के लिए लाया गया युवक बेकाबू हो गया। युवक ने खिड़की का शीशा तोड़ डाला। वहां पर तैनात स्टाफ, इलाज करवा रहे मरीज भागते नजर आए। मौके पर पहुंचे आधा दर्जन पुलिसकर्मियों ने युवक को काबू करने की कोशिश भी की लेकिन युवक धक्का-मुक्की करता हुआ इमरजेंसी से भाग निकला। उन्होंने काफी दूर तक युवक का पीछा भी किया लेकिन उसे पकडा नही जा सका। आशंका जताई जा रही है कि युवक मानसिक रोगी है। सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सोमवार दोपहर बाद बाइक सवार दो व्यक्ति एक युवक को इलाज के लिए मानवता के नाते नागरिक अस्पताल के एमरजेंसी में लेकर पहुंचे। युवक बहुत ज्यादा गुस्से में था। वहां तैनात चिकित्सक ने युवक को इंजेक्शन लगाने के दिशा-निर्देश स्टाफ को दिए। स्टाफ एमरजेंसी में बने कैबिन में पहुंचा तो युवक भड़क उठा और तोडफ़ोड़ शुरू कर दी और खिड़की का शीशा तोड़ दिया। स्टाफ ने काबू करने की कोशिश की तो उसे काबू नही किया जा सका। युवक की मनोदशा को देख वहां इलाज के लिए पहुंचे मरीज भी बाहर निकल गए। इत्तफाकिया उस दौरान आधा दर्जन पुलिसकर्मी पुलिस चौकी में थे। जिन्होंने उसे काबू करने की कोशिश की लेकिन युवक को काबू नही किया जा सका और वह भाग निकला। पुलिसकर्मियों ने युवक का पुराने बस अड्डे तक पीछा भी किया लेकिन उसे पकडा नही जा सका। युवक की पर्ची अज्ञात के नाम से बनी थी। युवक गांव नंदगढ का बताया जा रहा है। जो कबड्डी का अच्छा खिलाड़ी भी बताया गया है। इलाज के लिए लाने वाले लोगों का कहना था कि युवक की मनोदशा को देखते हुए उसे नागरिक अस्पताल लेकर आए थे।



जींद। युवक को पकड़ने के लिए गया पुलिसबल व एमरजेंसी में तोड़ा गया शीशा। फोटो :हरिभूमि



**युवक फरार**

एमरजेसी मे तैनात डा. राकेश ने बताया कि युवक के हालात के देखते हुए उसे इंजेक्शन लगाने के लिए स्टाफ को बोला गया था। युवक अचानक एग्रेसिव हो गया और तोडफ़ोड़ शुरू कर दी। युवक को काबू करने की कोशिश भी की लेकिन वह भाग निकला।

# चार अवैध दुकानें खाली करवाई

- कारवाई के दौरान भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद नपा प्रशासन द्वारा सोमवार को राजौंद के दादा खेड़ा के पास तालाब के स्थान पर किए गए अवैध कब्जे को खाली करवाने के लिए पहुचां, चार दुकानें खाली करवा दी, दो दुकानों को कल 10 बजे तक का समय दिया है, करवाकार्यवाही के दौरान भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। डयूटी मजिस्ट्रेट बिजली बोर्ड राजौंद के एसडीओ योगेश को बनाया था। इसके अलावा कार्यवाही में एमई अशोक तथा नपा सचिव नरेंद्र शर्मा, जेई अश्वनी भी मौजूद रहे। इस दौरान कुछ दुकानदारों द्वारा विरोध भी किया गया लेकिन पुलिस किसी की एक न चली। नपा के एमई अशोक ने बताया कि जोहड़ के स्थान पर 6 दुकान बनाई थी। इनको खाली करने को लेकर नपा प्रशासन द्वारा कईं बार नोटिस जारी किए जा चुके थे लेकिन इसके बावजूद दुकानदारों ने दुकानें खाली नहीं की। इस पर नपा प्रशासन, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा तो तीन दुकानदारों ने दुकानें खाली कर दी जबकि, दो दुकानों में मशीनरी होने के कारण दुकानदारों के कहने पर उन्हें 15 जुलाई को 10 बजे तक का समय दिया गया है ताकि वे मशीन हटा लें। इसके बाद सभी दुकानों खाली करने पर जेसीबी मशीन की मदद से हटा दी जाएंगी। ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम एसडीओ योगेश कुमार ने बताया कि कुछ दुकानों में भारी मशीन में होने के कारण आज निकल नहीं पाई इन्हीं कल तक का टाइम दिया गया है कल 10:00 बजे के बाद आगामी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान नपा सचिव नरेंद्र शर्मा ने शहरवासियों का आह्वान किया कि जिसके द्वारा भी अवैध कब्जा किया गया है वह उसे खाली कर दें।



### भगोड़ा घोषित आरोपित चढ़ा क्राइम ब्रांच के हत्थे


**जींद।** क्राइम ब्रांच ने हत्या तथा शव को खुर्दबुर्द करने के मामले में भगोड़े घोषित आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच जींद को सूचना मिली थी कि अलेवा थाना में वर्ष 2020 में दर्ज हत्या, शव को खुर्दबुर्द करने, शस्त्र अधिनियम मे अदालत द्वारा भगोडा घोषित गांव शामदो निवासी ओमप्रकाश उर्फ काला खेत में छुपा है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ने छापेमारी कर ओमप्रकाश उर्फ काला को खेत से काबू कर लिया। क्राइम ब्रांच के सब इंसपेक्टर रोहताश ने बताया कि आरोपित को भगोडा घोषित किया था। काफी समय से आरोपित की तलाश थी। आरोपित अपने खेत में छुप कर रह रहा था। सूचना के आधार पर आरोपित को काबू किया गया है। आरोपित के खिलाफ मारपीट करने, जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत लगभ आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं।

# मटौर में करंट से किसान की मौत

- धान की रोपाई के कार्य के दौरान ट्युबेल चलाते समय हादसा हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के गांव मटौर में एक किसान की बिजली का करंट लगने से मौत का मामला सामने आया है। हादसा उस समय हुआ जब 41 वर्षीय राजेंद्र धान की रोपाई करवा रहा था। छोटे भाई सोनू ने बताया की उसका बड़ा भाई राजेंद्र सुबह 6 बजे खेत में धान की रोपाई करवाने के लिए गया था। करीब 8 बजे उसने अपने भाई के फोन पर चाय लेकर आने के लिए कई बार फोन किया पर उसने फोन नहीं उठाया। खेत में पशुओं के लिए चारा लेने के लिए गए दूसरे भाई को फोन किया तो उसने हादसे की सूचना दी। वे लोग तत्काल राजेंद्र को लेकर कलायत के नागरिक अस्पताल में आए। उन्हें कैथल के नागरिक अस्पताल में रेफर कर दिया। कैथल अस्पताल में चिकित्सकों ने राजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा कुलदीप ने बताया की हादसे के समय वे मौके पर मौजूद थे। वे खेत में एक और चारा काट रहे थे और उसका भतीजा राजेंद्र खेत में काम कर रहा था। पास में ही बिजली के ट्रयुबेल पर कार्य कर रहा था तो तार लगाते समय बिजली के करंट की चपेट में आने से यह हादसा हुआ। मृतक के भाई सोनू ने शासन-प्रशासन से इस प्रकार के हादसों को रोकने के लिए पुख्ता कदम उठाने की मांग की है। आईओ सब इंस्पेक्टर मनु ने बताया की सूचना मिलते ही पुलिस कैथल अस्पताल पहुंची।



## जींद में 75 परीक्षा केंद्रों पर 21 हजार से अधिक देंगे परीक्षा

# सीईटी परीक्षा की तैयारियों में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आगामी 26 और 27 जुलाई को आयोजित होने वाली कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। इसी क्रम में सोमवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को असुविधा नहीं हो, इसके लिए सभी बुनियादी सुविधाएं जैसे परिवहन, पेयजल, स्वच्छता, रोशनी और बैठने की व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिला में लगभग 75 परीक्षा केंद्रों पर 21 हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिनमें केवल जींद उपमंडल में 42 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि डिवीजन वार परीक्षा केंद्रों की सूची शीघ्र तैयार कर प्रशासन को उपलब्ध करवाई जाए ताकि समुचित योजना बनाकर व्यवस्थाएं समय रहते पूरी की जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी अभ्यर्थी को स्थानीय स्तर पर रुकने की आवश्यकता हो तो उसके लिए भी उचित ठहराव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से परीक्षा केंद्रों की क्षमता, बेंचों की संख्याए बिजली व्यवस्थाए पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की पूर्व जांच के निर्देश दिए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे व्यक्तिगत रूप से स्थलीय निरीक्षण कर लें और समय पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करें। इस बैठक में एडीसी विवेक आर्य, एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी सुरेन्द्र सिंह, आरटीए सचिव गिरीश, नगराधीश डा. आशीष देशवाल, डीईईओ सुभाष सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



जींद। अधिकारियों की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश देते डीसी।

# जुलानाः अवैध कॉलोनी के विकास पर प्रशासन सख्त

- भूमि खरीदने से पहले सतर्क रहें नागरिक : अंजू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जुलाना के शहरी क्षेत्र में बिना आवश्यक स्वीकृतियों के अवैध रूप से कॉलोनी विकसित किए जाने का मामला सामने आया है। जिला नगर योजनाकार अंजू ने बताया कि बिना लाइसेंस, सीएलयू या विभागीय एनओसी के किसी भी कॉलोनी का विकास गैरकानूनी है और इस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह पाया गया कि जुलाना शहरी क्षेत्र के राजस्व एस्टेट बूढाखेड़ा लाठर के खसरा नंबर 126//5,6 में अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं कि इस खसरा नंबर में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में किसी भी प्रकार की रजिस्ट्री, बिक्री अनुबंध, पूर्ण भुगतान अनुबंध या पावर ऑफ अटॉर्नी जारी न की जाए। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध कॉलोनी में भूखंड खरीदने से पहले उसकी पूरी जांच, पड़ताल अवश्य कर लेंए अन्यथा उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है।

**खबर संक्षेप**



भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मुनीष व परिजन अपने निवास पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सम्मानित करते।

## मुख्यमंत्री को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया

**कैथल।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मुनीष कठवाड के निवास स्थान पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहुंचे और परिजनों के साथ- साथ कार्यकर्ताओं से मिले। सबसे पहले निवास स्थान पर कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। उसके बाद कार्यकर्ताओं की समस्याओं को भी सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में जिला अध्यक्ष रहते मुनीष ने पार्टी को काफी मजबूत किया। उनकी ग्रामीण स्तर से लेकर शहरी स्तर तक युवाओं में अच्छी पहचान बनाई है। युवाओं के हित में हमेशा वह बातचीत करते रहते हैं। युवाओं को पार्टी से हमेशा उन्होंने जोड़ा है।

## आदर्श स्कूल जाखौली में जादूगर ने दिखाए करतब

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में जादूगर द्वारा मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्राचार्य ओ पी शर्मा ने किया। जादूगर का स्वागत करते कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के मानसिक तनाव को कम करते हैं तथा सीखने की क्षमता को बढ़ाते हैं। इस दौरान स्कूल के सभी अध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।

# सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की जुटी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। शहर के शिव मंदिरों में सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालु पहुंचना शुरू हो गए थे। इसके बाद श्रद्धालुओं भोले बाबा का जलाभिषेक किया। सावन महीने की शिवरात्रि को लेकर शहर में सभी प्रमुख मंदिरों को भव्य ढंग से सजाया गया है। इसके साथ ही भगवान की आराधना करने वाले युवक भी कांवड़िये बन हरिद्वार पहुंचने लगे है जो 23 जुलाई को शिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर गंगाजल चढ़ाएंगे। सोमवार को भी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के शिवलिंग पर पंचामृत से स्नान कराकर मन्नतें मांगी।

### सावन माह में विशेष उत्साह

ज्योतिषाचार्य श्याम सुंदर गौड़ ने कहा कि सावन महीने में भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना करने से श्रद्धालुओं की मन की कामना जल्द पूर्ण होती है। इस अवसर पर बेल पत्र, धतुरा, दही, दूध और गंगाजल से शिवजी का अभिषेक किया जाता है। जो बेहद फलदायी है।श्रद्धालु रवीना, सुनीता और मीनाक्षी ने कहा कि सावन माह में भगवान शिव की पूजा-अर्चना से हर मनोकामना पूरी होती है। सोमवार को व्रत करने का भी महत्व है। इन महिला श्रद्धालुओं ने बताया कि सावन के महीने में वह सावन महीने के प्रत्येक सोमवार को व्रत करते हैं।

पुजारी मुनिंद्र मिश्रा ने बताया कि सावन माह की तैयारियां काफी दिनों से की जा रही है। अब सावन माह शुरू हो गया है तो भक्तों की भीड़ भी आनी शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि यह मंदिर महाभारत कालीन है।



कैथल। श्री ग्यारह रुद्री प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

### ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में पूजा की विशेष मान्यता

*छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध जिले में महाभारत कालीन श्री ग्यारह रुद्री प्राचीन शिव मंदिर की विशेष महत्व है। यहां सावन माह में यहां विशेष पूजा-अर्चना करने के लिए भक्त पहुंचते हैं। महाभारत कालीन इस मंदिर में सावन माह में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करना फलदायी माना गया है। अब सावन माह की शुरूआत होते ही मंदिर में भक्तों का पूजा-अर्चना करने के लिए आना-जाना शुरू हो गया है। मंदिर के पुजारी मुनिंद्र मिश्रा ने बताया कि सावन माह में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करना फलदायी होती है।*

### शहर के अन्य मंदिर भी महादेव के जयघोष से गूंजे

सावन माह के पहले सोमवार को शहर के अन्य मंदिर भी महादेव के जयघोष से गूंजे। इस दौरान ढांड रोड स्थित शिव शक्ति धाम, प्रताप गेट स्थित अंबकेश्वर मंदिर, हनुमान वाटिका स्थित शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी भोले बाबा के भक्तों की भीड़ जुटी।

### सावन मास में भोले बाबा की पूजा का विशेष महत्व

हनुमान वाटिका के पंडित विशाल शर्मा ने बताया कि सावन मास में भोले बाबा की पूजा का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि वैसे तो पूरे मास भोले बाबा के निमित्त अनुष्ठान चलते रहते हैं पर मास की प्रतिपदा व सोमवार को किया जाने वाला महारुद्राभिषेक विशेष फलदायी होता है। उन्होंने बताया कि महारुद्राभिषेक के बाद का जल पूरे घर में छिड़कने व आचमन करने से घर में धन धान्य की वृद्धि के साथ रोग दूर होते हैं।



पूंडरी ग्यारहरुद्री मंदिर में अभिषेक करते श्रद्धालु।

## श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय: स्वामी रवि गिरी

**पूंडरी।** सावन मास के पहले सोमवार को पूंडरी व आसपास के गांवों में स्थित शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालु तड़के ही मंदिरों में पहुंचने लगे और हर-हर महादेव के जयकारों के साथ लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर पूजा-अर्चना करते नजर आए। श्रावण मास में आने वाले चारों सोमवारों का विशेष महत्व होता है, क्योंकि यह मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय माना जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इस मास में भक्ति भाव से की गई पूजा, प्रार्थना, और अभिषेक विशेष फलदायी होता है। पूंडरी के प्रसिद्ध 11 रुद्री शिव मंदिर, फतेहपुर स्थित माता मनसा देवी मंदिर, गांव फरल में फलकेश्वर महादेव मंदिर, मोहना, रसीना, जांबा, सिरसल, बदनारा, हाबड़ी, हजवाना, बरसाना व बाकल में स्थित शिवालयों में भी सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। निरंजनी अखाड़े के महंत स्वामी रवि गिरी जी महाराज ने बताया कि श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय होता है। इस दौरान श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लाकर कांवड़ यात्रा के माध्यम से भगवान शिव का अभिषेक करते हैं, विशेष रूप से श्रावण शिवरात्रि के दिन इसका महत्व और बढ़ जाता है।



भूपेश अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी रीना अग्रवाल श्रद्धालुओं की बस को रवाना करते।

## खाटू श्याम धाम व सालासर के लिए श्रद्धालु रवाना

**कैथल।** श्री खाटू श्याम सालासर सेवार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट कैथल द्वारा 46वी निशुल्क बस यात्रा आज सुबह पेहवा चौक से श्री खाटू श्याम धाम व श्री सालासर धाम के दर्शनों हेतु मुख्य अतिथि प्रमुख समाज सेवी एवं पूर्व प्रधान अग्रवाल युवा सभा कैथल भूपेश अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी रीना अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की । जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रधान धर्मबीर केमिस्ट एवं महासचिव अशोक मित्तल ने बताया कि यह धार्मिक यात्रा दो दिवसीय यात्रा है। इस यात्रा के अंतर्गत भक्तजन श्री खाटू श्याम धाम व श्री सालासर धाम के दर्शन करके वापस कैथल लौटेंगे ।उन्होंने बताया कि धार्मिक यात्रा के दौरान ट्रस्ट की ओर से सभी भक्तजनों को आने-जाने खाने-पीने व रहने की व्यवस्था बिल्कुल निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाती है। मुख्य अतिथि ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे धार्मिक व सामाजिक कार्य प्रशंसनीय हैं।उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे धार्मिक व सामाजिक कार्यों का समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा है ।इस प्रकार के कार्य आज के समय की जरूरत भी है। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक यात्रा में लगभग 61 भक्तजनों ने शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है ।यात्रा में लगभग सभी भक्तजन पहली बार दर्शन हेतु जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करके समाज सेवा की जा रही है इस अवसर पर मुख्य अतिथि भूपेश अग्रवाल ने ट्रस्ट द्वारा चलाई जा रही आगामी प्रतिमाह निशुल्क बस यात्राओं में भी विशेष सहयोग देने की घोषणा की इस अवसर पर ट्रस्ट की तरफ से मुख्य अतिथि को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर सुरेन्द्र मित्तल, संजीव शर्मा, कपिल गोयल, सन्नी श्याम दीवाना व अन्य भगतजन उपस्थित थे।

## श्रद्धालुओं ने की भगवान शिव की पूजा अर्चना

**राजौंद।** राजौंद में सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सलाब। सावन माह में वैसे तो पूरा माह ही शिव भोले के नाम समर्पित है। लेकिन सावन के सोमवार की पूजा का और भी अधिक महत्व बन जाता है। सोमवार को सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालु शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए पहुंच रहे थे।भारी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर भगवान शिव की अराधना की और पहले सोमवार को कई श्रद्धालुओं ने व्रत भी किया, वैसे कई श्रद्धालु जहां पूरा माह शिव का व्रत रखते हैं वहीं कई श्रद्धालु सावन के सोमवार के व्रत भी धारण करके भगवान शिव से मंगल कामना के लिए प्रार्थना करते हैं।सावन माह में जल अभिषेक करने का विशेष महत्व बताया गया है।

# हॉस्टल में रहने वाली लड़कियों के लिए नहरी पानी की व्यवस्था करेंगे : अश्वनी मंगला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

गांव रामगढ़ पांडवा स्थित आरोही वमावि में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, बैठक के दौरान एसएमसी कमेटी का पुनर्गठन किया गया। अध्यक्षता एसएमसी प्रधान दिलबाग बेदी ने की। बैठक में स्कूल में बिजली, पानी और सौंदर्यीकरण को लेकर स्कूल प्रबंधन सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। सदस्यों ने स्कूल की जर्जर होती बिल्डिंग, बिजली-पानी की उचित व्यवस्था न होने और अध्यापकों की कमी को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। इस पर, प्रिंसिपल अश्वनी मंगला ने बताया कि बिल्डिंग की मरम्मत का कार्य चल रहा है और जो कार्य शेष है, उसे बरसात के बाद या उससे पहले पूरा करवा दिया जाएगा। अध्यापकों की कमी के संबंध में प्रिंसिपल ने बताया कि शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को शिक्षकों की मांग भेजी जा चुकी है। ये भी बताया कि स्कूल के हॉस्टल में रहने वाली लड़कियों के लिए नहरी पानी की व्यवस्था करने के लिए जल्द ही पानी का कनेक्शन लिया जाएगा।



आरोही स्कूल खरक पांडवा पहुंचे एसएमसी सदस्य

**रिफंड के जाल में फंसा कर फर्जी वेबसाइट निकाल लेती है आपकी जमा पूंजी**

# सतर्क व सचेत रहकर साइबर ठगो से बचे आमजनः एसपी आस्था मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आजकल के तकनीकी युग में साइबर अपराधी नए नए तरीकों से आम नागरिकों की जमा पूंजी को निशाना बना रहे हैं और लोग उनके जाल में फंस रहे हैं। कभी सस्ते सूट, कपड़े, घरेलू सामान, कभी क्रिप्टो करेंसी में मोटा मुनाफा कमाने का लालच, कभी ट्रेडिंग प्लेटफार्म के नाम पर लोगों को झांसे में लिया जा रहा है व उनकी निजी जानकारी को चुराकर उनका गलत उपयोग किया जा रहा है। साइबर अपराधों के बारे में आमजन को जागरूक करते हुए एसपी आस्था मोदी ने बताया कि सस्ते सूट, कपड़ों आदि का लालच देकर ऐसे प्लेटफार्म आपको अपने जाल में फंसा लेते हैं। कई बार आप अपना मंगाया हुआ प्रोडक्ट पसंद न आने पर वापस करने की सोचते हैं और हैं। इस पर ऐसे प्लेटफार्म आपको एक रिफंड के बदले एक राशि जमा कराने की कहते हैं। आप मोटा नुकसान ना हो इसके लिए वह राशि उनके खाते में डाल देते हैं। ऐसा करके ये फर्जी प्लेटफार्म आपके खाते की जानकारी हासिल कर लेते हैं व आपको बड़ा चूना लगा जाते हैं। ऐसे मे आवश्यक यही है कि आम नागरिकों को किसी भी वेबसाइट या प्लेटफार्म पर जाने से पहले उसकी जानकारी हो। फर्जी वेबसाइटों से बचने के लिए पुलिस अधीक्षक के कुछ सुझाव वेबसाइट के यूआरएल को ध्यान से जांचें और देखें कि यह असली वेबसाइट से मेल खाता है या नहीं।

### फर्जी वेबसाइट से बचने के सुझाव

अपने एंटीवायरस सॉफ्टवेयर को हमेशा अपडेट रखें ताकि वह किसी भी संभावित खतरे से आपकी सुरक्षा कर सके। अपने ब्राउजर को हमेशा अपडेट रखें ताकि वह किसी भी संभावित खतरे से आपकी सुरक्षा कर सके। सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग करें और अपने पासवर्ड को समय-समय पर बदलें। यदि आपको किसी भी वेबसाइट पर कोई संदेह है, तो तुरंत उसकी जांच कर और अपनी निजी जानकारी देने से बचें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर राष्ट्रीय हेल्पलाइन न. 1930 पर काल करें या अपने नजदीकी थाना में जाकर साइवर हेल्प डेस्क पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं, सावधानी और सतर्कता में ही बचाव है।

## आमजन को नशा न करने बारे किया गया जागरूक

**कैथल।** नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार की टीम द्वारा कुतुबपुर नर्सिंग कॉलेज तथा कैथल स्थित विभिन्न स्कूलों में आमजन सहित विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है।

## ट्योंठा में सम्राट पृथ्वीराज चौहान के नाम पर बनेगा भव्य प्रवेश द्वारः जांबा



**पूंडरी।** पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के गांव ट्योंठा में आज एक ऐतिहासिक पहल की शुरुआत हुई, जब महान सम्राट पृथ्वीराज चौहान जी के नाम पर बनने वाले भव्य द्वार के निर्माण कार्य का भूमि पूजन पूरे विधि-विधान से किया गया। विधायक सतपाल जांबा ने इस पवित्र कार्य का शुभारंभ नारियल, केले और पुष्प अर्पण कर किया तथा ईश्वर से द्वार के शीघ्र निर्माण की मंगलकामना की। इस अवसर पर गांव के अनेक गणमान्य नागरिक, बुजुर्ग, युवा और सहयोगी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विधायक सतपाल जांबा ने भूमि पूजन के दौरान पूर्ण श्रद्धा से भगवान का आशीर्वाद लिया। पवित्र मंत्रोच्चारण के बीच ईंटें रखकर द्वार निर्माण की विधिवत शुरुआत की गई। ग्रामीणों ने भी इस क्षण को ऐतिहासिक बताया और पूरे उत्साह से भागीदारी निभाई। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि ट्योंठा गांव में बनने वाला यह प्रवेश द्वार केवल ईंट-पत्थर नहीं, यह हमारी अस्मिता का प्रतीक होगा।

# गांव में हो रहे विकास कार्य में तेजी लाना हमारा लक्ष्य : कर्मबीर

- बीडीपीओ कार्यालय गुहला में सरपंचो, पार्षदों तथा ग्राम सचिवों की बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

जिला परिषद के चेयरमैन कर्मवीर कौल कहा कि गांवो में हो रहे विकास कार्य में तेजी लाना हमारा लक्ष्य है। हर गांव में विकास कार्यो के साथ-साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सरकार संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में प्रत्येक गांव में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे है। चैयरमैन कर्मबीर कौल ने सोमवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के हॉल में खंड गुहला के सभी सरपंचो, पार्षदों तथा ग्राम सचिवों की बैठक लेकर प्रत्येक गांवों की समस्या को सुनने उपरांत संबोधित कर रहे थे। बैठक में पहुंचने पर ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन सुखविंद्र कौर ने चैयरमैन कर्मबीर कौल को पौधा देकर स्वागत किया। चेयरमैन कर्मबीर कौल ने कहा कि सभी सरपंच, पार्षद सेवक के रूप में कार्य कर लोगों की समस्याओं का समाधान करवाएं। सरपंच व पार्षद जनप्रतिनिधि होने के नाते लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों के बारे में जागरूक करें।



गुहला चीका। जिला परिषद के चेयरमैन कर्मवीर कौल का स्वागत करते ग्रामीण।

## एडीसी कोर्ट में खाद्य पदार्थों के सैंपलों, लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन से संबंधित 20 केसों की हुई सुनवाई

**कैथल।** एडीसी बाबू लाल करवा द्वारा खाद्य पदार्थों के सैंपलों, लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन से संबंधित 20 केसों की सुनवाई की गई, जिसमें से 11 केसों का मौके पर निर्णय दिया गया। दुकानदारों और कंपनियों के केसों की सुनवाई के दौरान के अवमानक, बिना लाईसेंस व पंजीकरण के खाद्य पदार्थ बेचने को लेकर 11 लाख 94 हजार 489 रुपये का जुर्माना लगाया गया। एडीसी ने बताया कि बलराज नगर स्थित अर्व मार्केटिंग को अवमानक देशी घी व घी के केस में, मुकेश वीटा मिल्क बार ढांड को अवमानक लो फैट पनीर के केस में कुल 3 लाख 49 हजार 997 रुपये का जुर्माना दंड स्वरूप लगाया गया। वहीं खाद्य पदार्थ विक्रेता मैसर्ज बीएल सरदाना कंपनी कैथल, मैसर्ज नागपाल डेयरी सैक्टर 19 कैथल, मैसर्ज श्री कृष्ण फूड पुरानी सब्जी मंडी कैथल को बिना लाईसेंस के खाद्य पदार्थ बेचने तथा मैसर्ज चैवान ऋषि मिष्ठान भंडार चौशाला, मैसर्ज मुकेश वीटा मिल्क ढांड, मैसर्ज शिवम स्टिक कुल्फी अर्जुन नगर, नानकपुरी कालोनी से सुरेश कुमार बिना रजिस्ट्रेशन खाद्य पदार्थ बेचने के केस में और समय पर लाईसेंस और रजिस्ट्रेशन न करवाने की सूरत में 8 लाख 44 हजार 492 रुपये का जुर्माना दंड स्वरूप लगाया गया। एडीसी ने संबंधित विक्रेताओं को भविष्य में रजिस्ट्रेशन व लाईसैंस समय अनुसार नवीनीकरण करवाने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों व विक्रेताओं ने कहा कि वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन व पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें।

## पार्षदों द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में खुली विकास कार्यों में पारदर्शिता की पोल

# कलायत नगर पालिका कार्यालय परिसर में जारी निर्माण कार्य में सामने आई भारी अनियमितताएं

**नपा कार्यालय भवन की एक तरफ आंगन को पक्का करने को शुरू किए कार्य में अनियमितताएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

शहर के विभिन्न वार्डों में भले ही महत्वपूर्ण विकास कार्य अधर में लटके हों। बावजूद इसके कहीं न कहीं नगरपालिका अधिकारियों की रुचि अपने ही कार्यालय में लीपापोती करवाने में है। नगर पालिका कार्यालय भवन की एक तरफ आंगन को पक्का करने को शुरू किए गए कार्य में सोमवार को भारी अनियमितताएं मिली। पारदर्शिता की कसौटी में चूक तब उजागर हुई जब पार्षद प्रदीप राणा, प्रीत जगदेव, पार्षद प्रतिनिधि सचिन राणा व दूसरे प्रतिनिधियों द्वारा इस रिपेयर कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मजबूत कंकरीट का बैड के स्थान पर कहीं दलदल तो कहीं निर्धारित पैमाने के अनुसार रोडा ही नहीं मिला। जिससे कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस स्थिति को पार्षदों ने बेहद चिंताजनक करार दिया। प्रदीप राणा और प्रीत जगदेव ने कहा कि जब खुद नगर पालिका कार्यालय परिसर में ही पारदर्शिता एवं मजबूती से काम नहीं हो रहा तो वार्डों में क्या उम्मीद की जा सकती है। विकास कार्यों में इस प्रकार की लापरवाही और अनियमितता जनता के साथ सरेआम धोखा है। कार्य में पारदर्शिता की बात कहने वालों ने मानकों को ताक पर रख दिया है। जारी कार्य पर पार्षदों द्वारा उठाए गए सवालों की गंभीरता को देखते हुए जेई संजीव धीमान व तकनीकी टीम मौके पर पहुंची।

स्थानीय लोगों ने भी पार्षदों के इस कदम की सराहना की और उम्मीद जताई कि अब गुणवत्ता युक्त कार्य होंगे। यह मामला एक बार फिर नगर पालिका के निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवालों को उजागर करता है। नगरपालिका कार्यालय में पार्षद हाल ही में कैथल जन प्रतिनिधियों की बैठक लेने वाले सीएम नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम को लेकर भी अधिकारियों से जवाबतलबी करने पहुंचे। इस दौरान पालिका सचिव कार्यालय में उपस्थिति नहीं मिले। पार्षदों ने बताया कि सीएम का लक्ष्य जन प्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों को लेकर व्यापक चर्चा करना था। लेकिन अधिकारी बार-बार कार्यक्रम स्थगित होने की भ्रामक सूचना देते रहे। इस पर पार्षद अपने स्तर पर पुख्ता जानकारी जुटाकर कार्यक्रम में पहुंचे और शहर के मुद्दे उठाए। उन्होंने इस संबंध में सीएम कार्यालय को शिकायत भेजने का निर्णय लेते हुए कार्यवाही की मांग की।

### मजबूती से पूरा करवाएंगे कार्यः

जेई संजीव धीमान ने स्पष्ट किया कि पूरे निर्माण कार्य की पुनः मुआयना होगा। जिस स्थान पर सामग्री कम मिली है उस कमी को पूरा किया जाएगा। विकास कार्यों में गुणवत्ता को हर स्थिति में कायम रखा जाएगा।





कलायत। कलायत नगर पालिका कार्यालय परिसर में निर्माण कार्य की जांच करवाते पार्षद व बैड की खुदाई के दौरान कहीं मिली दलदल व कहीं मिली रोड़ा की कम मात्रा। फोटो :हरिभूमि

## मारपीट में एक घायल

**कैथल** : पाई में मारपीट में व्यक्ति घायल हो गया। अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गौरव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 को गांव के अमन साहिल और मनदीप ने साथियों ने मारपीट की।

**सूचना**

मैं, सत्यवान पुत्र श्री दरिया निवासी गांव देवरड तहसीन जुलाना जिला जींद, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पत्नी श्रीमती वजन्ती, पुत्र साहिल, अनिल और पुत्री अन्जु मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीग (कैथल) में नकारा हो चुके 8 कमरों की बोली दिनांक 2 अगस्त 2025 को सुबह 10: 00 बजे विद्यालय प्रांगण में करवाई जाएगी, जिसकी सिक्योरिटी राशि 25000 (पच्चीस हजार) रुपए रखी गई है, बोली के नियम व अन्य शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/- प्रधानाचार्य
9466934813

## खबर संक्षेप

### कानून व्यवस्था को लेकर खाप ने जताई चिंता

**जींद।** जिला जींद की कानून व्यवस्था को लेकर माजरा खाप पंचायत जींद ने गहरी चिंता जताई है। आए दिन अपराध बढ रहें हैं खुलें आम गुंडा गर्दी हो रही है। अपराधी है लगाम हो रहे कोई डर पुलिस प्रशासन का उन्हें नहीं लगता है। जिला जींद हि नहीं पुरे राज्य में अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। माजरा खाप पंचायत जींद के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू व महासचिव महेन्द्र सिंह ने पुलिस प्रशासन को सख्ती से पेश आने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि जब जब पुलिस प्रशासन या मुख्यमंत्री अपराधियों को सख्त भाषा में बोल कर कहते हैं, अपराधी राज्य से बहार चले जाएं या सुधर जाएं।

### छात्रों को पढाया स्वच्छता का पाठ

**कलायत।** सोमवार को एमडीएन पब्लिक स्कूल में स्वच्छता और हैंडवॉश के महत्व पर छात्रों को जागरूक और प्रेरित करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत, नगर पालिका समन्वयक सुरेश चहल और सोमपाल राणा ने /"सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ/" नारे के साथ एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम के दौरान, सुरेश चहल और सोमपाल राणा ने छात्रों को हाथ धोने के सही तरीके और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

### 19 को नंदगढ़ में मुख्यमंत्री खोलेंगे विकास का पिटारा

**जुलाना ।** आगामी 19 जुलाई को जुलाना विधानसभा के नंदगढ़ गांव में विकास रैली का आयोजन किया जा रहा है। हरियाणा सरकार इस कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने की तैयारी कर रही है। यह बात जुलाना से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने लोगों को संबोधित करते हुए अपने कार्यालय में कही। कैप्टन योगेश बैरागी ने बताया कि जुलाना में पहली बार दो मुख्यमंत्री एक मंच पर आ रहे हैं। इसलिए इस कार्यक्रम को एतिहासिक बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### यूनिवर्सिटी रिजल्ट जारी करने में सक्षम नहीं

**जींद।** एबीवीपी इकाई अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के पीजी 3 सेमेस्टर का रिजल्ट जारी नही किया गया है। जबकि विश्वविद्यालय के स्पेशल चांस के एक्जाम फार्म भरने की तिथि 14 जुलाई को अंतिम थी लेकिन अभीतक भी यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा रिजल्ट जारी नही किया गया है। जिसके कारण मास कम्युनिकेशन, फाइन आट्र्स, म्यूजिक, मैथेमेटिक्स, साइकोलॉजी, वाणिज्य के रिजल्ट न आने से विद्यार्थियों को परेशान हो रहे हैं। न ही विद्यार्थियों स्पेशल चांस के फार्म भर पा रहे हैं। जिला संयोजक वीर सैन ने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों के यूजी 2, 4 सेमेस्टर के नॉन एनईपी कोर्स को री एग्जाम के रिजल्ट जारी भी नही हो रहे हैं। विद्यार्थियों के रिजल्ट जारी न करने के विद्यार्थियों को एडमिशन लेने में समस्या हो रही है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा रिजल्ट जल्द से जल्द जारी किया जाए ।

## तीन गांवों की महिलाओं ने भी दिया धरना, मनरेगा कार्य में हस्तक्षेप का विरोध

# मजदूरों ने घेरा जिला परिषद कार्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी

### अधिकारियों की गैरमौजूदगी से भड़के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मनरेगा योजना के तहत कार्य कर रहे मजदूरों ने सोमवार को जिला परिषद कार्यालय का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी मजदूर कठवाड़, चंदाना और खानौदा गांव से आए थे, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। मजदूरों ने आरोप लगाया कि उन्हें 14 दिन का कार्य दिया गया था, लेकिन जब वे लगातार तीन दिनों से काम करने पहुंचे तो इरिगेशन विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) सोनू ने उन्हें जबरन कार्यस्थल से हटा दिया और सभी को घर भेज दिया।

मजदूरों का कहना है कि मस्टरोल (हाजिरी रजिस्टर) तो जारी कर दिया गया, लेकिन इरिगेशन विभाग की ओर से कार्य की कोई विधिवत डिमांड नहीं भेजी गई थी। इसी वजह से जब मजदूर साइट पर पहुंचे, तो जेई सोनू ने उन्हें वहां से हटा दिया। इसके बाद आक्रोशित मजदूरों ने जिला परिषद कार्यालय का रुख किया और सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक धरना देकर नारेबाजी की।

धरने में शामिल महिलाओं ने प्रशासनिक लापरवाही पर तीखा विरोध जताया। उनका कहना था कि पहले तो बड़ी मुश्किल से काम मिलता है, और जब मिलता है तो विभागीय टकराव और मनमानी के चलते उसे बीच में रुकवा दिया जाता है। इससे गरीब परिवारों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने आरोप लगाया कि जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुरेश रवीश कार्यालय में मौजूद नहीं थे। जब उनसे फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो कोई जवाब नहीं मिला। वहीं, मनरेगा के असिस्टेंट ब्लॉक प्रोग्रामर (एबीपी) विक्रम ने भी मजदूरों की कॉल्स रिसीव करने की बजाय अपना फोन बंद कर दिया, जिससे प्रदर्शनकारियों में और अधिक नाराजगी फैल गई।

हालात तब काबू में आए, जब जिला परिषद कार्यालय में तैनात चुनाव शाखा के कर्मचारी विजेंद्र ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और उन्हें आश्वासन दिया कि मंगलवार से काम फिर से शुरू करवा दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद मजदूर धरने से उठे।

धरने के दौरान मजदूरों ने चेतावनी दी कि अगर काम में दोबारा इसी प्रकार की बाधा डाली गई या अधिकारियों ने गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाया, तो वे दोबारा प्रदर्शन करेंगे, और इस बार आंदोलन और बड़ा होगा।



**कैथल।** जिला परिषद कार्यालय में नारेबाजी करते मजदूर फोटो : हरिभूमि



जींद । जिम का उद्घाटन करते हुए।

## कैबिनेट मंत्री ने शहर में निजी संस्था द्वारा संचालित जिम का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने नरवाना बस स्टैंड के नजदीक निजी संस्था द्वारा संचालित एक जिम का रिबन काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क वास करता है। आज के भौतिकवादी युग में जहां मानव जीवन में लगातार बीमारियां बढ़ रही हैंए ऐसे में इस तरह के जिम एवं शारीरिक कसरत ही युवाओं और नागरिकों को सशक्त एवं स्वस्थ बनाने में मददगार हो रहे हैं। सरकार का प्रयास रहा है कि प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। यह पहल न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक अहम कदम हैए बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और अनुशासन का संदेश भी देती है। सरकार द्वारा प्रत्येक गांव में व्यायामशालाएं इसी उद्देश्य से खोली गई हैं ताकि ग्रामीण प्रातः कालीन भ्रमण इत्यादि को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाने के प्रति प्रेरित हों तथा स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वे सभी संस्थाएं बधाई की पात्र हैंए जो जिम इत्यादि खोलकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर रिछपाल शर्माए हंसराज समैणए पिरथी सरपंच बेलरखाए बिरेंद्र सरपंच ढाबी टेक सिंहए जिला पार्षद गुरमेल सिंहए बलदेव वाल्मीकिए ओम प्रकाश थुआए प्रमोद शर्माएसरपंच जरनैलए जसविंदरए राजेश शर्मा एडवोकेटए अमित ढ़ाकलए विनय मित्तलए कृष्ण गोपाल व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## अनाज मंडी में जलभराव की समस्या का होगा समाधान

■ समस्या का समाधान हो इसको लेकर जिस ड्रेन से पानी की निकासी होती है वहां 25 हार्स पॉवर की मोटर थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना अनाज मंडी में बारिश के बाद होने वाले जलभराव की 30 साल पुरानी समस्या का समाधान होगा। करीब साढ़े सात लाख रुपये खर्च करके 25 एचपी (हार्स पॉवर) की जगह 50 एचपी (हार्स पॉवर) की मोटर मार्केटिंग बोर्ड द्वारा मार्केट कमेटी प्रांगण में रखी। सोमवार को विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा बटन दबा कर इस मोटर की शुरूआत की। अब जलभराव की समस्या बारिश के समय जो होती थी वो काफी हद तक कम होगी। आढ़तियों, किसानों द्वारा लंबे समय से जलभराव के समाधान की मांग की जा रही थी। विधायक ने कहा कि अनाज मंडी में जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान हो इसको लेकर वो प्रयासरत थे। अनाज मंडी में जलभराव बारिश के दौरान होने की समस्या काफी पुरानी है। इस समस्या का समाधान हो इसको लेकर जिस ड्रेन से पानी की निकासी होती है वहां 25 हार्स पॉवर की मोटर थी। यहां पर अब 50 हार्स पॉवर की मोटर रखी गई है ताकि स्थाई समाधान पानी निकासी हो। बारिश के समय तेजी से पानी की निकासी ड्रेन के माध्यम से हो।

अत्री ने कहा कि जो अंडरपास के पास एचटीपी है वहां पर भी जो 25 हार्स पॉवर की मोटर थी वहां पर भी 40 हार्स पॉवर की मोटर जन स्वास्थ्य विभाग रख रहा है ताकि यहां पर भी पानी की निकासी तेजी हो। सर्विस रोड पर जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान हो इसको लेकर एनएचएआई द्वारा 12 फीट के पाइप दबाए जा रहे है। वहीं विधायक द्वारा नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में पहुंच कर यहां पर चल रही आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने के साथ-साथ यहां पर होने वाले एक्सरे, सीएचसी केंद्र सहित बिल्डिंग का निरीक्षण भी किया। यहां मरीजों से सरकार द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जानकारी ली। विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। पांच लाख रुपये तक का उपचार परिवार के एक सदस्य का मुफ्त आयुष्मान कार्ड से होता है। सबका साथ सबका विकास सोच के तहत निरंतर कार्य सरकार कर रही है।



**उचाना ।** मार्केट कमेटी में लगी मोटर का बटन दबा कर शुभारंभ करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। फोटो : हरिभूमि

## भारत-नेपाल टेपबाल क्रिकेट सीरीज में श्वेता चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

भारत-नेपाल टेपबाल क्रिकेट सीरीज का आयोजन आगामी 8 से 10 अगस्त तक पोखरा, नेपाल में किया जा रहा है। इस बहुप्रतीक्षित अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए टेपबाल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा भारतीय महिला टेपबाल टीम की घोषणा कर दी गई है। इस गौरवमयी सूची में सीवन स्पोट्र्स अकैडमी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी श्वेता का चयन होना न केवल सीवन बल्कि पूरे हरियाणा के लिए गर्व की बात है। खास बात यह है कि श्वेता को टीम की उपकप्तान नियुक्त किया गया है। यह खबर मिलते ही अकैडमी के खिलाडिय़ों व प्रशिक्षकों के बीच खुशी और गर्व का माहौल बन गया। श्वेता की इस उपलब्धि ने क्षेत्र की अन्य युवा खिलाडिय़ों के लिए भी एक प्रेरणादायी मिसाल कायम की है।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में आज डी.पी.ई. शमशेर सिंह विशेष रूप से सीवन स्पोट्र्स अकैडमी पहुंचे और श्वेता को आशीर्वाद देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए कहा खेलों में आगे बढऩे के लिए ज़रूरी है कि खिलाड़ी लगातार अपनी प्रतिभा को प्रतियोगिताओं में दिखाएं। जितनी अधिक प्रतियोगिताओं में आप भाग लेंगे, उतना ही आपका खेल निखरेगा। हार-जीत से ऊपर उठकर खेल को खेल भावना से खेलें। शमशेर सिंह ने खिलाडिय़ों को गलत संगत से दूर रहने और जीवन में अनुशासन व सही मार्गदर्शन अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि खिलाड़ी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें तो वे न केवल अपना बल्कि अपने माता-पिता और देश का भी नाम रोशन कर सकते हैं।



जींद । सीवन स्पोट्र्स अकैडमी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी श्वेता को आशीर्वाद देकर सम्मानित करते डी.पी.ई. शमशेर सिंह फोटो : हरिभूमि



जींद । बीएलओ ट्रेनिंग कैंप को संबोधित करते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## शुद्ध मतदाता सूची तैयार करें बीएलओ

**जींद।** उचाना विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम दलजीत सिंह ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। इस देश में चुनाव प्रक्रिया को मतदाता सूची के आधार पर पूरा किया जाता है। जिसे तैयार करने की जिम्मेदारी बीएलओ की होती है। इस प्रकार से बीएलओ भारत निर्वाचन आयोग की सबसे मजबूत कड़ी है।एसडीएम सोमवार को स्थानीय राजकीय महाविद्यालय जींद के परिसर में निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किए गए बीएलओ ट्रेनिंग कैंप को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव तभी सम्पन्न हो पाते है जब आपके बूथ की वोटर लिस्ट एकदम सही होती है। वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने के लिए ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर पुनरीक्षण अभियान चलाया जाता है। जिसमें आम नागरिकों से दावे व आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं। एसडीएम दलजीत सिंह ने कहा कि फोटोयुक्त मतदाता सूची को बनाते समय बीएलओ यह ध्यान रखे कि मतदाता की आयु 18 साल या इससे अधिक हो और इसके लिए वह साधारण निवासी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि फार्म 6, 7, 8 आदि में वोटर की सटीक जानकारी भरी जानी चाहिए। हर बूथ परए जिस किसी मतदाता का निधन हो गया है या फिर वह विधानसभा क्षेत्र से बाहर चला गया है तो नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए उसका नाम लिस्ट से हटा दिया जाए।

## कबड्डी प्रतियोगिता में मोतीलाल स्कूल के छात्रों ने हासिल किया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के अंडर 17 वर्ग के खिलाडिय़ों ने 11 जुलाई से 13 जुलाई तक बहादुरगढ़ में आयोजित क्लस्टर स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता सीबीएसई द्वारा आयोजित की गई थी। जिसमें हरियाणा राज्य के सभी जिलों के सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों ने भाग लिया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में कुल 24 टीमों ने हिस्सा लिया। अत्यंत प्रतिस्पर्धी माहौल के बीच हमारे विद्यालय की टीम ने अनुशासन, दृढ़ निश्चय और खेल भावना का अद्वितीय प्रदर्शन किया। विद्यालय की टीम ने अपने पहले दो मुकाबले में विरोधी टीमों को पराजित कर सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। सेमीफाइनल में कठिन मुकाबले के बाद हमारी टीम को तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा। किंतु उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने सभी का दिल जीत लिया। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने खिलाडिय़ों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्रों ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है बल्कि यह दिखाया है कि ग्रामीण परिवेश से आने वाले छात्र भी यदि अवसर मिले तो राष्ट्रीय स्तर तक का सफर तय कर सकते हैं। यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, कोच की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है और खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा है। हम विद्यालय में न केवल अकादमिक शिक्षा पर बल देते हैं बल्कि छात्रों को शारीरिकए मानसिक और नैतिक रूप से भी विकसित करने के लिए उन्हें हर मंच प्रदान करते हैं। हमारी कबड्डी टीम का यह प्रदर्शन इसी सोच का परिणाम है।




जींद । टीम को सम्मानित करते हुए प्रबंधक समिति सदस्य।



जींद । करीना को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## प्रदेश में टॉप 10 में शामिल होने पर करीना सैनी का हुआ सम्मानए सैनी समाज ने जताया गर्व

नरवाना। सैनी समाज की होनहार छात्रा करीना सैनी को उनकी शानदार शैक्षणिक उपलब्धि पर समाजिक स्तर पर सम्मानित किया गया। सैनी समाज नरवाना के हल्का प्रधान सूरजभान सैनी विशेष रूप से करीना सैनी के निवास स्थान पहुंचेए जहां उन्होंने छात्रा को समृद्धि चिन्हए माला व महापुरुषों की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने बेटी को मिठाई खिलाकर बधाई भी दी। बता दें कि करीना सैनी ने हाल ही में 12वीं कक्षा ;वाणिज्य संकायद्ध की परीक्षा में हरियाणा प्रदेश में छठा स्थानए जिले में तीसरा स्थान और अपने विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उसकी इस उत्कृष्ट सफलता से ना केवल परिवार बल्कि पूरे सैनी समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई है। करीना को इससे पूर्व पंचकूला स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय मेधावी छात्र सम्मान समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा भी मंच पर सम्मानित किया गया था। सम्मान समारोह के अवसर पर करीना ने कहाए मुख्यमंत्री से सम्मान प्राप्त करना मेरे लिए गौरव का क्षण था। उस समय मुझे अपने माता.पिताए स्कूल और समाज पर गर्व महसूस हुआ।


## दवा की आपूर्ति निरंतर सुनिश्चित होगी : सीएमओ

# हीमोफीलिया मरीजों को उपलब्ध कराए फैक्टर आठ इंजेक्शन

■ नागरिक अस्पताल में पिछले काफी समय से नही थे फैक्टर 8 इंजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में सोमवार को हीमोफीलिया मरीजों के लिए फैक्टर 8 डिस्ट्रीब्यूशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप की अध्यक्षता सीएमओ डा. सुमन कोहली ने की। शिविर का उद्देश्य हीमोफीलिया से ग्रसित मरीजों को राहत पहुंचाना था। इस विशेष शिविर का आयोजन इंटास फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। जिसमें मरीजों को फैक्टर 8 उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डा. अरविंद, नोडल अधिकारी डा. शिप्रा, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल तथा हीमोफीलिया सोसायटी से आशुतोष शर्मा भी उपस्थित रहे।




**जींद।** फैक्टर आठ के इंजेक्शन वितरित करते हुए।

### थैलेसीमिया, हीमोफीलिया से पीड़ित

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि सरकार द्वारा थैलेसीमिया, हीमोफीलिया, कैंसर स्टेज-3 और 4 के मरीजों को पेंशन प्रदान की जाती है। वहीं सरकार ने 55 गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को भी पैंशन देने की शुरूआत की हुई है। इन 55 गंभीर बीमारियों की जानकारी विभागीय साइट पर उपलब्ध है। हीमोफीलिया सोसायटी जींद की ओर से डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, इंटास फाउंडेशन चंडीगढ़ के विनय वर्मा, भव्य बजाज एवं उनकी पूरी टीम का इस आपातकालीन परिस्थिति में सहयोग के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया।

### यह है हीमोफीलिया

नोडल अधिकारी डा. शिप्रा ने बताया कि हीमोफीलिया दो तरह का होता है। हीमोफीलिया ए में फैक्टर 8 की कमी होती और हीमोफीलिया बी में घटक 9 की कमी होती है। दोनों ही खून में थक्का बनाने के लिए जरूरी हैं। ये एक दुर्लभ बीमारी है। एक समय तक हीमोफीलिया का इलाज मुश्किल था लेकिन अब घटकों की कमी होने पर इन्हें बाहर से इंजेक्शन के जरिये डाला जा सकता है। अगर हिमोफीलिया बीमारी की गंभीरता कम है तो दवाइयों से भी इलाज हो सकता है। आमजन को हिमोफिलिया के प्रति सचेत रहना चाहिए।

### क्यों जरूरी है हीमोफीलिया इंजेक्शन

हीमोफीलिया के मरीज को फेक्टर 8, 9 इंजेक्शन बेहद जरूरी होता हैं। क्योंकि अगर ऐसे मरीज को चोट लग जाए तो रक्त के स्त्राव को रोकना बेहद मुश्किल होता है। रक्त के स्त्राव को रोकने के लिए इन मरीजों को फेक्टर 8, 9 के इंजेक्शन लगाए जाते हैं। सरकारी स्तर पर यह इंजेक्शन मरीजों को मुफ्त लगाए जाते हैं लेकिन अगर बाजार से यह इंजेक्शन लगाए जाएं तो बहुत महंगे पड़ते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि हीमोफीलिया के इन मरीजों में हर समय रक्तस्त्राव का खतरा बना रहता है। कई बार अगर इनके शरीर पर किसी परिजन का कुछ तेज हाथ भी लग जाएएतब भी रक्तस्त्राव शुरू हो जाता है। ऐसे में इन मरीजों को ये फेक्टर इंजेक्शन की उपलब्धता रहना जरूरी रहता है। बाजार में में इंजेक्शन की एक डोज लगभग 12 हजार रुपये में उपलब्ध है। एक डोज में 4 इंजेक्शन होते हैं। इससे एक सप्ताह का काम होता है।

### मरीजों को इंजेक्शन के लिए नहीं होगी परेशानी

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने फैक्टर 8 की निरंतर आपूर्ति निरंतर सुनिश्चित होगी। हीमोफीलिया के मरीजों को इंजेक्शन के लिए किसी भी स्तर पर कोई परेशानी नही आने दी जाएगी।

## रोगियों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**कैथल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सोमवार को हीमोफीलिया रोगियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल उनके निवास स्थान पर मिला। इस प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में फैक्टर-8 और फैक्टर-9 की लगातार कमी को लेकर मुख्यमंत्री को अवगत कराया तथा जीवन रक्षक दवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को इस वर्ष के बजट (2025-26) में हीमोफीलिया एवं थैलेसीमिया रोगियों के लिए घोषित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना को शीघ्र लागू करने का भी निवेदन किया, ताकि रोगियों को आर्थिक सहारा मिल सके। प्रतिनिधिमंडल में कैथल से राकेश यादव, यमुनानगर से विष्णु गोयल, रोहतक से अजय शर्मा, फतेहाबाद (भुना) से जोगिंदर सेठी, तथा कुरुक्षेत्र से सुखबीर समेत अनेक लोग शामिल थे।